प्रेषक,

मनोज कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद,उ0प्र0,
अनुभाग–4, लखनऊ ।

लखनऊः दिनांक 22- सितम्बर,2016

राजस्व अनुभाग–9

विषयः– उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की कतिपय मांगों के सम्बन्ध में धरना, प्रदर्शन एवं कार्य बहिष्कार के सम्बन्ध में

---------

महोदय,

उपरोक्त विषयक शासकीय पत्र संख्या–2089/एक–9–2016–राजस्व–9 दिनांक 24 अगस्त, 2016, अपने परिपत्र संख्या– 6801/4–उ0प्र0 लेखपाल संघ/2016 दिनांक 25–8–2016 एवं अशासकीय पत्र संख्या–2116(1)/एक–9–2016–राजस्व–9 दिनांक 29–8–2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें ।

2– उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 लेखपाल संघ के पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मण्डल के साथ दिनांक 21–9–2016 को मा0 मुख्य मंत्री जी से हुई चर्चा के उपरान्त मा0 मुख्य मंत्री जी द्वारा संघ की मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए प्रमुख सचिव राजस्व विभाग को यथोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं जिसके कम में उ0प्र0 लेखपाल संघ द्वारा आंदोलन समाप्त कर दिया गया है । इनकी मांगों के संदर्भ में कार्यवाही की जा रही है । मा0 मुख्य मंत्री जी द्वारा यह भी निर्देश दिए गए हैं कि आंदोलन अवधि में आंदोलन में शामिल होने के सम्बन्ध में यदि कोई उत्पीड़ात्मक कार्यवाही की गयी हो तो उसे समाप्त कर दिया जाय । उक्त के कम में आदेश दिए जाते हैं कि उ0प्र0 लेखपाल संघ द्वारा दिनांक 16–8–2016 से 21–9–2016 (आंदोलन अवधि में) संघ के पदाधिकारियों /सामान्य सदस्यों / लेखपालों के विरुद्ध यदि कोई उत्पीड़ात्मक कार्यवाही यथाः– निलम्बन, स्थानान्तरण, अन्य दण्ड एवं प्राथमिकी आदि की गयी हो तो उसे तत्काल समाप्त कर दी जाय । उक्त के साथ ही यह भी निर्देश दिये जाते हैं कि आंदोलन अवधि के वेतन का आहरण सम्बन्धित लेखपालों द्वारा नियमित अवकाश का प्रार्थना पत्र सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत किए जाने पर किया जायगा ।

भवदीय,

**(मनोज कुमार)**
**विशेष सचिव ।**

**संख्या–2421(1)/एक–9–2016 तददिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– समस्त जिलाधिकारी,उ0प्र0 ।
2– समस्त मण्डलायुक्त,उ0प्र0 ।
3– अध्यक्ष/महामंत्री, उ0प्र0 लेखपाल संघ ।
4– गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

**(बीरबल सिंह)**
**उप सचिव ।**